जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड एवं... पृष्ठ 2 | मुस्लिम समाज ने दिया पर्यावरण संरक्षण... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


बुधवार, 06 अगस्त 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 286, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






## कौशल प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ें, युवाओं को बनाएं आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को सीधे रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। इसके लिए विभाग द्वारा निरंतर नवाचार और प्रभावी कार्ययोजना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए जिलेवार प्रशिक्षण उपलब्धि और आबंटित बजट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0, और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने च्नियद नेल्ला नारज् योजना के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि अब तक 549 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि पुनर्वास केंद्रों में 382 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में पीएम जनमन योजना के तहत अत्यंत पिछड़ी जनजाति के युवाओं को दिए जा रहे कोर्सवार प्रशिक्षण की भी समीक्षा की गई। बैठक में विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1 जुलाई 2025 से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चेहरा-आधारित स्कैनिंग प्रणाली द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और निगरानी में सुधार हुआ है। बैठक में विभाग द्वारा निजी संस्थाओं के साथ किए गए एमओयू की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें नांदी फाउंडेशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा संस्थानों से किए गए समझौते शामिल हैं। इन संस्थानों के माध्यम से राज्य में गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। बैठक में च्कौशल तिहार 2025ज् के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता जिला और राज्य स्तरीय दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें दो आयु वर्ग ङ्क 22 वर्ष से कम एवं 22 वर्ष से अधिक ङ्क के प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 10 प्रमुख ट्रेड ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, ब्रिकलेइंग, रिन्युएबल एनर्जी हेल्थ एंड सोशल केयर, प्लंबिंग एंड हीटिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशंस, इलेक्ट्रॉनिक्स फील्ड टेक्नीशियन, कंप्यूटर, मोबाइल फोन टेक्नीशियन, ग्राफिक्स डिजाइन टेक्नोलॉजी/डेस्कटॉप पब्लिशिंग तथा रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग शामिल है।जिला स्तर पर प्रत्येक ट्रेड और आयु वर्ग से दो विजेताओं का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तर के विजेताओं को पुरस्कार, ट्रॉफी और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्हें इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा, जहाँ से चयनित प्रतिभागी च्वर्ल्ड स्किल्स 2026ज्, शंघाई (चीन) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कौशल विकास योजनाओं को युवाओं की आजीविका, आत्मनिर्भरता और भविष्य के निर्माण से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सतत प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में वन एवं कौशल विकास मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, कौशल विकास विभाग के सचिव श्री एस. भारतीदासन तथा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय दयाराम के सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## इंडिपेंडेंस कप नेशनल कराते चैंपियनशिप में भाग लेने खिलाड़ी दिल्ली रवाना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी 7 से 10 अगस्त तक नई दिल्ली के तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित इंडिपेंडेंस कप नेशनल कराते चौंपियनशिप में भाग लेने राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल, कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के 12 खिलाड़ी राष्ट्रीय कोच सिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में दिनांक 06 अगस्त 2025 को नई दिल्ली के लिए रवाना हुए । यह टीम दिनांक 07 अगस्त से आयोजित इंडिपेंडेंस कप नेशनल कराते चौंपियनशिप, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए खेलेगी । उपरोक्त स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को छ.ग. टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष सेंसाई कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पदम, गुण्डाधुर अवॉर्डी सेंसाई अंबर सिंह भारद्वाज एवं कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव की संरक्षक श्रीमती शीला कोठारी जी, श्रीमती शारदा तिवारी जी, श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी जी, सचिव श्रीमती साधना तिवारी जी, राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल के वरिष्ठ खिलाड़ी करण साहू, दुर्गेश साहू, ईशभ सिंह, तरुण साहू ,जयदीप सिंहा, ओम नेहा सिन्हा, एवं समस्त पालकगणों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिये शुभकामनाएँ दी है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है:-

**बालिका कैडेट वर्ग :**- गुंजन वैष्णव (काता एवं कुमिते), पूर्वील साहू (काता एवं कुमिते), विधि सिन्हा (कुमिते) एवं धात्री साहू (काता एवं कुमिते)

सीनियर महिला वर्गः- अन्नपूर्णा साहू लोकिता साहू, मोनिका पाढ़ी ( तीनों खिलाड़ी काता एवं कुमिते) बालक कैडेट वर्गः- 8 दीपांशु सिन्हा एवं भास्कर साहू (दोनो खिलाड़ी काता एवं कुमिते) जूनियर वर्गः- 10 शेख हमजा (कुमिते) पुरुष सीनियर वर्गः- 12 लोचन साहू (कुमिते)।

## राष्ट्रीय स्तर पर एनबीआईएस का समूह नृत्य प्रथम


### समूह गायन में तृतीय स्थान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने इतिहास रचते हुए समूह नृत्य विधा में लगातार चौथे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाला द्वारा विगत दिनों 31 जुलाई को भिलाई स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित प्रग्योत्सव राष्ट्रीय स्तर के नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। समूह नृत्य के इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें देश के दूसरे राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा में शाला के बच्चे लगातार चौथे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत की हैट्रिक बनाई है। सेमी क्लासिकल नृत्य में बच्चों द्वारा मां दुर्गा के रुपों का बखान किया, जिसमें बच्चों को प्रथम पुरस्कार की ट्राफी के साथ ही 5000 रुपए भी प्राप्त किये। समूह नृत्य में शाला की आनंदी अवस्थी, आस्था जैन, कर्मन कौर भाटिया, पावनी मिश्रा, साक्षी साहू, वृद्धि शर्मा, हिमांशी वैष्णव, प्रनव शर्मा व वेदांत मारु ने अपनी सहभागिता निभाई है। इसी तरह प्रग्योत्सव में एक अगस्त को समूह गायन प्रतियोगिता में शाला के समूह गीत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। समूह गीत प्रतियोगिता में शाला के दिव्यांश अग्रवाल , कनिष्का साहू, अनन्या कुशवाहा, दुलिशा परमार, रिद्धि जैन, मनन पंजवानी, कौस्तुभ क्षीरसागर, युग शर्मा व चयन चौधरी ने हिस्सा लिया। सेमी क्लासिकल की एकल नृत्य प्रतियोगिता में शाला की प्रिशीता श्रीवास्तव व श्रुति बक्शी ने द्वितीय तथा आंचल मोतियानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा सभी बच्चों की हौसला अफजाई की गई तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गई। शाला की नृत्य शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा, तरुण रामटेके व रेणुका गुप्ता के साथ ही संगीत विभाग के शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू व श्रिया मार्जिवे के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की गई। शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन श्री नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने सभी विजयी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## रामलला दर्शन योजना की ट्रेन आज सुबह 11:00 बजे राजनांदगांव से होगी रवाना

### छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के प्रयासों से राम लला दर्शन योजना की ट्रेन अब राजनांदगांव से



### दुर्ग में होगा 20 मिनट का स्टॉपेज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम लला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम ले जाने की ऐतिहासिक पहल को एक और नया विस्तार मिला है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा जी के अथक प्रयासों से अब यह ट्रेन 06 अगस्त 2025 को दुर्ग संभाग के जिला *राजनांदगांव* से रवाना होगी। ट्रेन *सुबह 11:00 बजे* राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और *दुर्ग रेलवे स्टेशन पर 20 मिनट का स्टॉपेज* रहेगा। दुर्ग के जनप्रतिनिधि गण दुर्ग रेल्वे स्टेशन में यात्रियों का स्वागत और अभिनंदन करेंगे। गौर तलब है कि राजनांदगांव के यात्रियों द्वारा दुर्ग संभाग की इस स्पेशल ट्रेन को राजनांदगांव से रवाना करने के लिए लगातार मांग की जा रही थी। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते ही श्री नीलू शर्मा जी ने इस मांग को गंभीरता से लिया और दिशा में प्रयास प्रारंभ करते हुए लगातार रेल्वे के सक्षम अधिकारियों से पत्र व्यवहार और व्यक्तिगत बैठक कर इस कार्यवाही को एक ठोस दिशा प्रदान की और उनके सतत प्रयासों से ही ये सफलता प्राप्त हो सकी। राम लला दर्शन योजना की ट्रेन अब राजनांदगांव से रवाना होने के निर्णय से राजनांदगांव के श्रद्धालु यात्रियों में खुशी की लहर है। राजनांदगांव वासी इस विशेष उपलब्धि के लिए अपने लाड़ले जनप्रतिनिधि श्री नीलू शर्मा के अथक प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। इस विशेष ट्रेन के माध्यम से **दुर्ग एवं बस्तर संभाग के संयुक्त रूप से 850 श्रद्धालु ** अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। इस विशेष अवसर पर टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा यात्रियों के स्वागत के लिए स्वयं राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन में उपस्थित रहेंगे। साथ ही स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि गण,जिला प्रशासन के अधिकारी गण और टूरिज्म बोर्ड,आई आर सी टी सी के अधिकारी गण भी उपस्थित रहेंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश वासियों को उनके जीवनकाल में एक बार अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन कराए जाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत *दिनांक 23 फरवरी 2024* को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के बीच एमओयू संपादित किया गया था। तब से अब तक इस योजना के अंतर्गत *रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा एवं दुर्ग-बस्तर संभागों* से कुल मिलाकर *23,800 से अधिक श्रद्धालु यात्रियों* को अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन के अलावा बनारस में काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त हो चुका है।अयोध्या धाम के लिए यह स्पेशल ट्रेन सेवा विभिन्न संभागों के लिए *साप्ताहिक रूप से लगातार जारी* रहेगी।छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की यह पहल प्रदेशवासियों को आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए अपने भांजा राम के ननिहाल के रिश्ते को जीवंत कर रही है।

## 20 किमी.पैदल चल कर जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत पर जलाभिषेक करने पहुंचे कावड़िये

### सावन में हजारों शिव भक्त पहुंचे शिव धाम पर्वत, कलयुग में सतयुग की अनुभूति - प्रशांत कोड़ापे







**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन माह का आखरी सोमवार को धार्मिक गाजे बाजे के साथ बोल बम जटाशंकर तहसील क्षेत्र लालबहादुर नगर के कावड़ यात्रा डोंगरगढ़ स्थित श्री जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत पहुंच कर जल अभिषेक कर पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई। भक्तों ने ग्राम चिचोला के प्रसिद्ध श्री राम मंदिर से जल लेकर पूजा अर्चना कर धार्मिक यात्रा प्रारंभ की। कांवडियों को जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डडसेना, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़ापे ने तिलक लगाकर व भगवाध्वज दिखाकर कावाडियों को डोंगरगढ़ के प्रसिद्ध श्री जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत के लिए रवाना किया गया लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्री जटाशंकर मंदिर मां बम्लेश्वरी देवी जी पहाड़ों वाली के दक्षिण दिशा में विराजमान है उक्त मंदिर स्वयं शिव लिंग के आकर पर है और दो एकड़ चट्टानों के बीच शिवधाम पर्वत में भोले बाबा वर्षों से विराजमान है । इस यात्रा में डोंगरगढ़ व डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के 200 शिवभक्तों ने आज कावड यात्रा में शामिल होकर सुबह 9 बजे चिचोला से निकलकर विभिन्न ग्रामों से भोले बाबा के जयकारे गाते हुए दोपहर 3:30 बजे डोंगरगढ़ श्री जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत पहुंचे जहां पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कावड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्रामीण क्षेत्र के द्वारा कावड़ यात्रा पहली बार किया गया जिसमें 10 वर्ष के बच्चे व बच्चियां से लेकर 70 साल के बुजुर्ग भी शामिल हुए ।इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश व प्रदेश में हमेशा खुशहाली बनी रहे । वहीं महिला पुरुष बच्चों को गाजे बाजे के साथ कावड़ लेकर आते देख सरस्वती शिशु मंदिर लाल बहादुर नगर, प्राथमिक शाला मक्काटोला, शिशु मंदिर रामाटोला सहित प्रत्येक गाँव के शिवभक्तो ने कांवड़ यात्रियों का फूलों से स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा कार्यक्रम का संयोजन भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गिरवर साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू, पूर्व भाजपा महामंत्री वेदराम ताम्रकार, रामाधीन देवागन, वर्षा गेड़ाम, अशोक वर्मा, देवेन्द्र यादव, भोजराज वर्मा, घनश्याम वैष्णव,थानवार मंडावी,संदीप सिन्हा, उमेंद वर्मा, चेतन साहू,राकेश साहू,पीतांबर सिन्हा ने शोशल मिडिया के माध्यम से व प्रत्येक्ष रूप से मिलकर शिवभक्तो से बैठककर यात्रा को सफल बनाने हेतु कड़ी मेहनत की यात्रा के समाप्ति के बाद कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़ापे ने सभी कावड़ियों का फूल माला पहना कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सावन में शिव भक्तों के द्वारा 20 किलोमीटर की पद यात्रा कलयुग के इस युग में सतयुग की अनुभूति कराता है भगवान महाकाल आप सभी लोगों की मनोकामना पूर्ण करे। कावड़ यात्रा संघ के पदाधिकारीयो कावड़ियों के सुरक्षा में लगे चिचोला थाना स्टाफ डोंगरगढ़ थाना स्टाफके प्रति कावंड़ियों ने आभार व्यक्त किया गया। महाकाल के दर्शन की इस यात्रा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गाँधी,जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा,जागेश्वर यादव, तामेश्वर साहू, रेशमा चंद्रवंशी,लक्ष्मी वर्मा, चंद्रा सिन्हा, हमेश साहू, कुलेश्वर देवांगन, शोभा यादव, रोशन साहू, भुवन साहू, टेकचंद अग्रवाल, हनुमान साहू थे। वहीं बहादुर नगर से पवन यदु, मक्काटोला मे अमर सिग वर्मा , रामाटोला मे लोकेश वर्मा, चिचोला मे बल्ले भाई शामिल रहे। इस दौरान गाजमर्रा मे विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष तरुण हथेल द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

## सावन के अंतिम सोमवार पर निकली भव्य पालकी यात्रा

**साहू समाज ने पुष्प वर्षा एवं आरती कर भोलेबाबा की सेवा**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन मास के चौथे और अंतिम सोमवार को शहर में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। सिद्धपीठ माँ शीतला मंदिर, जमात पारा से भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल जी की भव्य पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा के गंज लाईन पहुंचने पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू की उपस्थिति में संघ के पदाधिकारियों ने विधि-विधान से भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान साहू संघ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाया गया, जहां भोलेनाथ के भक्तों को शुद्ध पेयजल वितरित किया गया। पूरे शहर में शिवभक्ति का उत्साह देखने लायक था, हर ओर 'हर हर महादेव' के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, महामंत्री नीलमनी साहू, नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू,नीरा साहू चंदन साहू माधव साहू डाक्टर महेश साहू यशवंत साहू तीजेन्द्र साहू हृदय राम हिरवानी अनिल साहू राजेश साहू नरेन्द्र साहू खिलेश्वरी साहू मुनेश्वरीसाहू केशरी साहू अनीता साहू नेमीन साहू शोभा साहू जगमोहन साहू तुका राम साहू अंकालू साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने सहसपुर लोहारा सीएचसी का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** जनहित में कार्यों की प्रभावशीलता बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने जिले के सहसपुर लोहारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की समग्र व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल ऐसा स्थान है जहां स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मरीजों एवं उनके साथ आए परिजनों के लिए पेयजल, शौचालय, बैठने की उचित व्यवस्था, और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति और अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।



## नाम परिवर्तन

मैं संजय यादव पिता खेलु यादव आयु 39 वर्ष, निवासी= बघर्रा(कवर्धा) पो-पोड़ी तह-बोडला जिला-कबीरधाम (छ.ग.) 491995 का रहने वाला हूं। यह कि मेरी पुत्री का नाम एवं उपनाम विद्या यादव पिता संजय यादव रहा है। यह कि त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम दिव्या यादव पिता संजय यादव अंकित कर दिया है जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम विद्या यादव पिता संजय यादव है। मैं इसे आधार कार्ड में वास्तविक नाम से सुधार करवाना चाहता हूं। जिसे राजपत्र में प्रकाशन की आवश्यकता है।

अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

दिनांक 01-08-2025

शपथकर्ता
संजय यादव
पिता दिव्या यादव
बघर्रा(कवर्धा) पो-पोड़ी तहसील - बोडला
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

## शुभांक

2-3-7

579-1 290-1

## भाग्यांक

370-0 149-4

## निधन



**सच्चिदानंद उपाध्याय**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तुलसीपुर निवासी श्री सच्चिदानंद उपाध्याय (आयु 80 वर्ष) का दिनांक 5 अगस्त को रात्रि 1.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे राजनांदगांव स्थित जिला अस्पताल बसंतपुर में पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार आज 11 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ज्ञात हो कि वे पत्रकार शुभम उपाध्याय के पिताजी थे।


**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://Eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र.172943/ निविदा सूचना क्रं.04/व.ले.लि./2025-26
कवर्धा, दिनांक 01.08.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 22.08.2025, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम:- कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला की अपर दियाबार जलाशय के शीर्ष कार्य अंतर्गत बांध का जीर्णोद्वार, हेड स्लूस एवं वेस्ट वियर का मरम्मत कार्य तथा मुख्य नहर की आर.डी. 0 मी. से 870 मी. तक रिमाडलिंग सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं 04 नग फाल 01 नग व्ही.आर.बी. पक्की संरचनाओं के निर्माण सहित अन्य संरचनाओं का मरम्मत एवं 10 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य।

अनुमानित लागत:- रू. 77.44 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 08.08.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://Eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-2570/5

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)


# जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड एवं निपुन रोवर रेंजर जांच एवं राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर के समापन पूर्व संध्या ग्रैंड कैम्पफायर एवं शिविर का समापन





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत स्काउटस एवं गाइडस छत्तीसगढ़ जिला संघ राजनांदगांव द्वारा माननीय श्री बृज मोहन अग्रवाल अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं डॉ सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त माननीय राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष श्री उमेश हथेल जिला अध्यक्ष श्री महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त श्री प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट के निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित तृतीय सोपान स्काउट गाइड /निपुण रोवर रेंजर जांच शिविर 2025 एवं राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमडीबोड विखं डोंगरगांव में समापन पूर्व संध्या में ग्रैंड कैम्प फायर शिविर ज्वाल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र गोलछा जी राज्य उपाध्यक्ष एवं अध्यक्षता श्री महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त ने किया। इस अवसर पर जिला संघ राजनांदगांव के जिला उपाध्यक्ष द्वय श्री विष्णु प्रसाद साव , श्री राकेश भावतेसहित जिले के पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्य श्री संतोष खंडेलवाल श्री उत्तम गिडिया श्री अरविंद सहारे श्री घनश्याम दास साहू श्री विजय टेम्भूरकर श्री प्रदीप सहारे मंचासीन रहे। शिविर ज्वाल आग हुई है रौशन आओ से ग्रैंड कैम्प फायर आरम्भ हुआ। अतिथि स्वागत उपरांत शिविर प्रतिवेदन श्री लेख राम वर्मा शिविर संचालक ने प्रस्तुत किया। देश भक्ति एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति से पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने भी देश भक्ति गीत का गान कर कैम्प फायर संध्या का आनंद उठाया। उदबोधन में अतिथियों ने सम्मिलित स्काउट गाइड रोवर रेंजर को अपने सभी सोपानों पाठ्यक्रमपूर्ण कर राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने अग्रसर होने कहा। अनुशासन को कही भी पहुँचने की सीढ़ी बताया एवं पालन करने पर जोर दिया। आभार प्रदर्शन श्री मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट मंच संचालन श्री देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव ने किया। शिविर समापन चतुर्थ दिवस पर योगाभ्यास सर्वधर्म प्रार्थना एवं ग्राम भ्रमण में स्वच्छता जागरूकता जल बचाव पर्यावरण बचाव के नारे के साथ शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री सुरेश जैन ग्राम पंचायत सचिव श्री वाय आर साहू ने आशीर्वचन दिया। तद्पश्चात खुला सत्र अंतिम वार्ता एवं ध्वज अवतरण कर फिर मिलेगे के वादे के साथ संस्था प्राचार्य एवं स्टॉफबालक छात्रावास ग्राम सरपंच ग्राम सचिव ग्रामवासियों स्वास्थ्य विभाग पुलिस विभाग थाना प्रभारी तुमरीबोड विकास खण्ड डोंगरगांव एवं अन्य सभी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ का धन्यवाद ज्ञापित कर शिविर का विधिवत समापन किया गया।

## तीन मासूम की दुखद मृत्यु पर सांत्वना देने भाजपा नेता पहुंचे



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपाहरी में तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से हुई असमय मृत्यु की घटना ने पूरे अंचल को स्तब्ध कर दिया है। इस दर्दनाक घटना पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि 7 वर्षीय विवेक,6 वर्षीय सक्षम और 6 वर्षीय अक्षय यह तीनों बच्चे न केवल अपने माता-पिता की खुशियाँ थे, बल्कि पूरे गांव की रौनक थे। उनका अचानक यूं चला जाना बेहद पीड़ादायक है। यह क्षति कभी पूरी नहीं हो सकती।....नम्रता सिंह ने आगे कहा कि यह घटना पूरे समाज के लिए एक चेतावनी भी है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति हमें और भी सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि ग्राम स्तर पर जलस्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में ऐसी हृदयविदारक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।साथ ही नम्रता सिंह ने कहा कि मैं इस अत्यंत कठिन समय में पूरे मन से शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़ी हूँ। ईश्वर इन मासूम आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।इस दौरान नम्रता सिंह के साथ कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी शोक प्रकट करने पहुंचे। इस दुखद क्षण पर उनके साथ प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी,मंडल महामंत्री विमल यादव,राजीव तिवारी, मोहन जैन,अजूरद्दीन खान और नंद कुमार अमरिया उपस्थित रहे।

## सासें हो रही है काम...

**पर्यावरण संरक्षण एवं गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने हेतु वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम**



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत रामपुर जनपद पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर लगातार 2 दिन में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद रूप से 200 नग वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही वृक्षारोपण के दौरान प्रत्येक पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड का उपयोग किया गया। जो एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे निश्चित ही पौधों की उचित देखरेख के साथ समय-समय पर लगातार पानी की व्यवस्था की जाएगी जिसमें एक निश्चित समय पर पौधा का रूप एक विशालकाय वृक्ष का धारण कर ले और गांव में चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आए। वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण एवं हमें ताजा हवा और ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारे इस पुण्य वृक्षारोपण कार्य को बढ़ावा देने के लिए मुख्य रूप से राजनांदगांव जिला पंचायत के सी ई ओ सुरुचि सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजीता पड़ोती , उपाध्यक्ष मनीष साहू , सरपंच यतीश सिन्हा , उपसरपंच भारत लाल साहू, सहित ग्राम पंचायत के अनेक कर्मचारीगण व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जूनियर रेडक्रॉस के बच्चों ने सीखा फर्स्ट एड, सीपीआर प्रशिक्षण से बनी जीवन बचाने की समझ

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर के निर्देशानुसार कवर्धा जिले में स्कूली विद्यार्थियों को आपातकालीन चिकित्सा सहायता देने में सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) और सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में पीएम सेजस विद्यालय बोड़ला और स्वामी करपात्रीजी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं रेडक्रॉस सचिव डॉ. डी.के. तुर्रे तथा जिला शिक्षा अधिकारी एफआर. वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत, डॉ. हर्षित टुवानी, जिला समन्वयक बालाराम साहू एवं रेडक्रॉस सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन जीवन कौशिक ने बच्चों को अत्यंत व्यावहारिक और सरल तरीके से आपातकालीन स्थितियों में दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को बताया गया कि बदलती जीवनशैली, अनुशासनहीन दिनचर्या, असंतुलित खानपान और मानसिक तनाव के चलते हृदयाघात के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में अधिकतर पीड़ितों की मृत्यु अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो जाती है क्योंकि समय पर सीपीआर नहीं मिल पाता। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बच्चों को सीपीआर की प्रक्रिया, जैसे पीड़ित को सुरक्षित स्थान पर लाना, वायुमार्ग, सांस और पल्स की पहचान कर उचित समय पर सीपीआर देना ङ्क डमी मॉडल के माध्यम से विस्तारपूर्वक सिखाया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि सीपीआर कब देना चाहिए और किन परिस्थितियों में नहीं देना चाहिए। इसके अलावा रक्तस्राव, फ्रैक्चर, जलने, गले में कुछ फंस जाने, पानी में डूबने, सांप या कुत्ते के काटने जैसी आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार के तरीके समझाए गए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि इन हालातों में प्राथमिक उपचार देने के बाद कैसे त्वरित रूप से च112ज् आपातकालीन नंबर पर संपर्क कर मरीज को अस्पताल तक पहुंचाया जा सकता है।

## कांग्रेसियों ने किया रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का भव्य स्वागत



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 01702) का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूरे उत्साह के साथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात समर्पित की। इस नई ट्रेन सेवा से डोंगरगढ़ से बालाघाट और जबलपुर के लिए आवागमन अब अधिक सुलभ होगा, जिससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और विकास को भी गति प्राप्त होगी। हालांकि निजी कारणों से विधायक की अनुपस्थिति के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान, अनिल गट्टानी, जितेन्द्र सिंह भाटिया, अनिल मेश्राम, रिम्मी भाटिया, किरण मेश्राम, पार्षद विनायक राव, पायल पूर्ति, सुमित खोब्रागड़े, दिनेश साखरे, नरेश करसे, संजीव गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, कैलाश मेश्राम, बबलू खोब्रागड़े, कुणाल जांबुलकर, अमीन उईके, सारिका बडोले, सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहकर यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर, हर्षोल्लास से स्वागत किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के गोद ग्राम आदर्श ग्राम सुरगी मे लगा शराब, गांजा बिक्री, सट्टा जुआ पर पाबंदी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का (गोद ग्राम )आदर्श ग्राम सुरगी की ग्राम विकास समिति व ग्रामीणजनो ने दिखाई जागरूकता गांव में शराब,गांजा, बिक्री सट्टा जुआ पर लगाई प्रतिबंध, होगी दंडात्मक कार्यवाही। सोमवार 4 अगस्त को दुर्गा मंच ग्राम सुरगी में ग्राम विकास समिति का महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम विकास समिति अध्यक्ष एवं समस्त ग्रामवासियों के बीच विभिन्न विषय पर चर्चा किया गया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोकथाम एवं चौक चौराहो या सामाजिक स्थान में शराब पीने पर पाबंदी लगाई गई है। गांव में सट्टा- जुआ और अनैतिक कार्य पूर्णता बंद किया जाएगा. जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शराब बेचने वालों को 50000 रुपए, बताने वाले को 10000 रुपए, गांजा बेचने वाले को 50000 रुपए, बताने वाले को 10000 रुपए, सट्टा लिखने वाले को 50000 रुपए,बताने वाले को 10000 रुपए, ताश जुआ खेलने वालों को 20000 रुपए, बताने वालों को 5000 रुपए, सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों को 10000 रुपए, बताने वाले को 5000 रुपए,गांव में गाली गलौज करने वालों से 10,000 रुपए, बताने वाले को 5000 रुपए। बताने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, यह सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है।

**आरला मे लगा दो जगह सूचना बोर्ड**

श्मशान घाट,खेल मैदान, तालाब पार पर शराब पीने पर देनी होगी 5000 रूपये का अर्थदंड इसी तरह से सुरगी से लगे ग्राम पंचायत आरला के शमशान घाट, खेल मैदान एवं तालाब पार में सूचना बोर्ड लगाया गया है कि सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि ग्राम आरला क्षेत्र में कभी भी खुले में शराब पीना व अन्य नशा संबंधी अनुचित कार्य करने वालों पर 5000 रूपये का जुर्माना है इस नियम का किसी के द्वारा उल्लंघन किया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। आदेशानुसार समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत आरला।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव,जिला-राजनांदगांव,छ.ग.**

**// ईश्तहार/ //**

क्र.4045/ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 29/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. जितेन्द्र वाधवानी पिता स्व. शंकरलाल वाधवानी, निवासी दीनदयाल नगर, वार्ड नंबर 06, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरी, पटवारी हल्का नंबर 31, खसरा नंबर 49/11 व 50/1 रकबा क्रमशः 0.2060, 0.0850 हेक्टेयर के औद्योगिक (नमकीन प्रोडक्ट) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 09/08/2022 तक 22 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202507092100030.... अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दिलीप कुमार पिता विठ्ठल राव जाति खटिक एवं अन्य 04 निवासी वार्ड नंबर 19, डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदकगण एवं हमारी माता जी अंजू पति विठ्ठल राव खटिक के नाम से शामिलाल नाम से नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्र. 02 भूखण्ड क्रमांक 763 रकबा 14375.00 के वर्गफुट एवं भूखण्ड क्रमांक 764 रकबा 960.00 वर्गफुट भूमि स्थित है। तथा समस्त नजूल रिकार्ड में शामिलात खाता में दर्ज चली आ रही हैं। हमारी माता जी अंजू पति विठ्ठल राव की मृत्यु दि. 02/01/2017 को हो चुकी है माता की मृत्यु होने से हमें भूमि से संबंधित हर प्रकार के कार्यों में परेशानी हो रही हैं। इसलिए स्व. माता जी अंजू पति विठ्ठल राव की फौती दर्ज करवाकर उपरोक्त खाता से नाम विलोपित करवाकर शेष हिस्सेदारों का नाम यथावत रखते हुए खाता दुरुस्त करवाना चाहते हैं। उपरोक्त संयुक्त खाता में स्व. अंजू पति विठ्ठलराव की फौती दर्ज कर खाता से नाम विलोपित कर शेष हिस्सेदारों का नाम यथावत रखे जाने का निवेदन किया गया है।अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 04/08/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक 6188/ प्रस्तुतकार/विवाह अधि./2025ड्ढ26 बालोद दिनाँक 31/07/2025

**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि केजूराम सिन्हा आ0 स्व. श्री श्याम लाल सिन्हा, उम्र 33 वर्ष, जाति-कलार, निवासी जामरी, पो. जटकन्हार थाना व तह0 डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाव (छ.ग.) एवं निर्मला यादव आ स्व. श्री लेखराम यादव, जाति राउत, उम्र 35 वर्ष, साकिन ग्राम साल्हे, क्र. 02. पो. चिहरो, थाना व तह0 डौण्डी, जिला बालोद (छ0ग0) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 वो अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस सबंध में दिनांक 01/09/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनाक 31/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि 01/09/2025**

सील

अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)

## ज्ञान मंथन

*1) हिमाचल प्रदेश द्वारा हाल ही में नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए शुरू की गई पहल का नाम क्या है?*
*2) ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर 2024 के रूप में कौन सा शब्द चुना गया है?*
*3) गुजरात में पुरातात्विक अनुभव संग्रहालय का उद्घाटन कहाँ हुआ?*
*4) मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है?*
*5) नीति घाटी, जो खबरों में देखी गई थी, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) संकल्प (2) ब्रेन रॉट (3) वडनगर
(4) झारखंड (5) उत्तराखंड

## चिंतन

जिंदगी एक ऐसी किताब है, जिसके हर पन्ने पर एक नई सीख छिपी होती है। ज्ञान ही शक्ति है। हमारी जिंदगी में अगर कुछ हमें आजादी दे सकता है, तो वह है जानने की ताकत। ज्ञान वह दीया है, जो अंधेरे को चीरता है। लेकिन ज्ञान को सिर्फकिताबों तक सीमित मत कीजिए। जिंदगी की हर घटना, हर मुलाकात एक सबक है। इसे खुले दिल से सीखें। विरोध और खंडन के लिए नहीं पढ़ें, न ही विश्वास करने और मान लेने के लिए, न ही बातचीत और संवाद खोजने के लिए, बल्कि तौलने और विचार करने के लिए पढ़ें। यानी निर्णय लेने से पहले किसी चीज का सावधानीपूर्वक और सोच समझकर मूल्यांकन करने के लिए। हमारे पास बस जीवन का यही पल है, जो हमारे हाथ में एक तारे की तरह चमक रहा है और बर्फके टुकड़े की तरह पिघल रहा है। इसलिए जो लक्ष्य पूरा करना चाहते हैं, उसे अभी से शुरू करें। जिंदगी में सुख और दुख, दोनों आते हैं। खुशहाली में डर और नापसंदगी होती है, और विपत्ति में भी सांत्वना और उम्मीदें छिपी होती हैं। जब हमारी जिंदगी में सब कुछ अच्छा लगे, तो गर्व में मत डूबे और जब मुश्किलें आएं, तो हिम्मत मत हारें। बुद्धिमान व्यक्ति मौकों को ढूंढने से ज्यादा उन्हें बनाता है। हमारे आसपास हर गली-मोहल्ले में मेहनत और जुनून की कहानियां बिखरी हैं। यह बात कितनी सटीक है कि आशा एक अच्छा नाश्ता है, लेकिन यह एक बुरा रात्रिभोज है। जिंदगी हमें हमेशा तैयार मौके नहीं देगी। अगर हम मेहनत और समझदारी से काम करें, तो अपने लिए रास्ते और मौके बना सकते हैं। जैसे कुम्हार मिट्टी को एक नया आकार देते हैं, वैसे ही हम अपनी मेहनत से अपनी तकदीर गढ़ सकते हैं।

अपने प्रियजनों के लिए बलिदान देने को हमेशा तैयार रहें, लेकिन इस बीच खुद को मत भूलें। एकांत में रहें। शांत रहना, ज्ञान और समझ को बिकसित करने में मदद करता है, जैसे नींद शरीर और दिमाग को तरोताजा करती है। ऐसा संतुलन बनाएं कि अपने सपत्तों को भी जी सकें। जिंदगी में समय का बहुत महत्व है। इन्सान की जिंदगी उसकी सांसों से ज्यादा लंबी नहीं। हर सांस कीमती है। हर पल को जिएं। न आने वाले कल के लिए बहुत चिंता करें, न बीते हुए कल में उलझें। वर्तमान में जिएं, क्योंकि यही आपका सच्चा धन है। हर विचार को परखें, हर सवाल को गहराई से समझें। हम जो पढ़ते हैं वह नहीं, बल्कि हम जो याद रखते हैं, वह हमें विद्वान बनाता है। हम जो खाते हैं वह नहीं, बल्कि हम जो पचाते हैं, वह हमें मजबूत बनाता है। हम जो प्राप्त करते हैं वह नहीं, बल्कि हम जो बचाते हैं, वह हमें अमीर बनाता है। और हम जो दावा करते हैं वह नहीं, बल्कि हम जो आचरण करते हैं, वह हमें ईमानदारी प्रदान करता है। यही है जिंदगी जीने का सच्चा तरीका। जिंदगी एक यात्रा है। इसे डर से नहीं, बल्कि हिम्मत और समझदारी से जिएं।

हमेशा ईमानदार रहें : जिस प्रकार हम मिट्टी से कभी दीया, तो कभी सुंदर मूर्ति बनाते हैं। उसी प्रकार अपने जीवन में ज्ञान के संहारे स्वयं को हर पल एक नया और सबसे बेहतर रूप दे सकते हैं। किताबें जरूर पढ़ें, लेकिन सबसे जरूरी है, जिंदगी को पढ़ना। अपने व दूसरों के प्रति हमेशा ईमानदार रहें,जीवन सुंदर हो जाएगा।



योगेश कबूलपुरिया
वरिष्ठ पत्रकार, लेखक,
एवं मोटिवेशनल स्पीकर

# मुस्लिम समाज ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, अशोक वृक्ष के लगाये सौ पौधे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुस्लिम समाज द्वारा ईदगाह मैदान में पौधारोपण किया गया। शहर के गोल बाजार स्थित हनफी मस्जिद कमेटी की जानिब से पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में अशोक वृक्ष के 100 पौधे ईदगाह मैदान के चारों ओर रोपे गए। पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का संदेश देने के लिए मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जामा मस्जिद कमेटी के सदर रईस अहमद शकील, समाजसेवी अंजुम अलवी, एसडीएम खेमलाल वर्मा, हनफी मस्जिद के सदर हाफिज शेख मोहम्मद, पार्षद सतीश मसीह, हेमंत लशकरे, कोतवाली टीआई रामेंद्र सिंह, हाजी रज्जाक बड़गुजर, आमीन हुड्डा, सैय्यद अली अहमद सहित अन्य तिथि शामिल हुए। पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उपस्थित सभी अतिथियों ने समाज की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया और वृक्षारोपण के महत्व को बताया। वहीं इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों के साथ समाज के लोगों ने पौधारोपण किया। इस दौरान पौधारोपण को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा था। मुस्लिम समाज



द्वारा आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के इस अभियान का हर समाज अनुसरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज एक जिम्मेदार समाज है। समाज के लोगों ने पौधारोपण करने के साथ ही इन वृक्षों को संरक्षण देने की बात भी कही है, ताकि यहां वृक्षारोपण शत-प्रतिशत सफल हो सके। शहर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने पौधारोपण अभियान को लेकर कहा कि बीते कुछ वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में काफी समस्या होगी। उन्होंने कहा कि हर समाज और व्यक्ति का दायित्व है कि वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि समाज के द्वारा इन पौधों को बड़ा करने इनका संरक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने और पौधे उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह का आभार जताया है। वृक्षारोपण के इस संक्षिप्त कार्यक्रम के आयोजन में हनफी मस्जिद के सेक्रेटरी एडवोकेट मोहम्मद हसन, हाजी सलीम रजा, मोहम्मद इब्राहिम, आबिद बेग, सैय्यद अफ्जल अली, आफ्ताब अहमद, इमरान बीबा, नासिर जिंदरान, हाजी रसीद भाई, हाजी तनवीर अहमद, हाजी अतहर, हाजी वफीद भाई, हाजी जलालूदीन निर्वाण, असगर अली हासमी, रसीद भाई बेरिंग, हाजी बसीर भाई, हाजी आमीन भाई, हाजी सदरू, हाजी राजा भाई, हसन भाई एडवोकेट, अय्यूब भाई, अहमद रजा, अफजल खान, इमरान बीबा, गोलू बड़गुजर, जावेद भाई, फिरोज भाई, निसार भाई, असलम भाई सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों उपस्थित थे।

# नेशनल योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन से सम्बद्धता प्राप्त छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 6 वें छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025( महिला वर्ग) का आयोजन कोरबा में 1अगस्त से 3 अगस्त तक सब जुनियर (10-14 वर्ष ), जूनियर(14-18वर्ष), सीनियर(18- -28 वर्ष ), सीनियर(28-35 वर्ष ), सीनियर क्व(35-45 वर्ष) एवं सीनियर ष्ट(45-55 वर्ष) के बीच हुआ। जिसमें मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से जिला योगासन स्पोर्ट्स के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, टीम मैनेजर बल्दू राम यादव, महिला कोच ऐश्वर्य राज लक्ष्मी कोर्राम के नेतृत्व में माहुद मचान्दुर से लीना बाम्बेसर, बुद्ध रत्ना रामटेके, अपर्णा रामटेके, प्रेरणा रामटेके, जिज्ञासा साहू, आमाटोला से डिम्पल चन्द्रवंशी, रेशमा गोड़, एन्जल टेकाम, कौड़ीकसा से पूर्वी कोर्राम, सरस्वती नेताम सहित कुल नौ महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें पुर्वी कोर्राम, डिम्पल चन्द्रवंशी, सरस्वती नेताम को गोल्ड मेडल एवं अपर्णा रामटेके को सिल्वर मेडल मिला है। गोल्ड मेडलिस्ट प्रतिभागी नेशनल योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, सचिव घना राम साव, कोषाध्यक्ष बल्दू राम यादव, संयुक्त सचिव (तकनीकी) सोमदत्त साहू तथा सभी सदस्यों, रामगोपाल शर्मा अध्यक्ष पतंजलि योग समिति अंबागढ़ चौकी, अशोक वर्मा उपाध्यक्ष पतंजलि योग समिति राजनांदगांव, कोषाध्यक्ष डा. रंजन कुमार साहू पतंजलि योग समिति राजनांदगांव, योग शिक्षक रामेन्द्र तिवारी, ममता देवांगन, डीके राम, संपत राम छेदैया सहित सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजयी प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित किया है एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।



# अब तक 4 हजार 7 सौ 50 हितग्राहियो ने कराये सत्यापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियो का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, किन्तु भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन होना है। सत्यापन कार्य नगर निगम के सभागृह में प्रतिदिन किया जा रहा है। हितग्राहियो की सुविधा के लिए शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन भी दोपहर 2 बजे तक सत्यापन हो रहा है। सत्यापन के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा केन्द्रीय पेशन योजनाओं- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के हितग्राहियो का वार्षिक सत्यापन हेतु इस वर्ष शासन द्वारा मोबाईल एप बेनीफिसरी सत्यापन एप तैयार कराया गया है, उक्त एप एनराईड मोबाईल से किया जा रहा है। सत्यापन के लिए नगर निगम सभागृह में शिविर लगाया गया है, जहॉ प्रतिदिन हितग्राही अपना सत्यापन करा रहे है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजना में निगम सीमांतर्गत 10 हजार 8 सौ 89 पेंशन हितग्राही है जिनमें से आज दिनांक तक 4 हजार 7 सौ 50 हितग्राहियो ने सत्यापन कराया है, शेष 6 हजार 1 सौ 39 हितग्राहियो का सत्यापन किया जाना है। पेंशन हितग्राहियो की सुविधा के लिए अवकाश के दिन शनिवार एवं रविवार को भी सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियो से अपील की है कि अपना आधार एवं मोबाईल लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर सत्यापन करा लेवे, जिससे पेंशन योजना का लाभ मिलता रहे। उन्होंने पार्षदों से भी अपील की है कि अपने वार्ड के पेशन हितग्राहियो को प्रोत्साहित कर सत्यापन करावे, ताकि उन्हें पेंशन योजना का लाभ मिलता रहे।



# छ.ग. राजभाषा आयोग की साहित्यिक पुस्तकें चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र को भेंट

### छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों द्वारा लिखित कला/ साहित्य से संबंधित पुस्तकें पाकर छात्र- छात्राओं में खुशी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में विगत 40 वर्षों से संचालित कला / संगीत से संबंधित संस्था श्री चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छ0ग0 शासन ) रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी कला /साहित्य से संबंधित पुस्तकें भेंट की गई। बता दें कि इससे पूर्व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा अमात्य द्वारा छत्तीसगढ़ी साहित्य से संबंधित पुस्तकें दिग्विजय कालेज, कमला कालेज सहित जिला ग्रंथालय को भी प्रदत्त की गई है ।श्री चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र को लगभग 30 की संख्या में छत्तीसगढ़ी के कवि साहित्यकारों द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी भाषा की उक्त पुस्तकें छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के जिला उपाध्यक्ष गिरीश ठक्कर स्वर्गीय व वरिष्ठ कला / साहित्य अनुरागी राकेश इंदु भूषण ठाकुर द्वारा श्री चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र के संस्थापक/संचालक डॉ, कृष्ण कुमार सिन्हा के हाथों सादर सौपा गया है। बताते चलें कि इन दिनों सोमनी के निकट ग्राम सांकरा में संचालित हो रही श्री चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शास्त्रीय नृत्य के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी लोक कला / साहित्य,संस्कृति व शास्त्रीय गीत ,संगीत का अध्ययन करने आते है। यहां शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के ज्ञान वर्धन के लिए लाइब्रेरी सुविधा भी उपलब्ध है। श्री कोशा ने बताया कि उक्त लाइब्रेरी में छत्तीसगढ़ी लोक कला साहित्य के अध्यक्ष के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की लगभग 30 की संख्या मे पुस्तकें भेंट की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ी में अनुवादित मुंशी प्रेमचंद की कृति निर्मला, पतंजलि योग सूत्र, इंद्रावती नदी,जय छत्तीसगढ़ दाई, ममा दाई के कहानी, मेचका राजा ,मछरी रानी ,बाबा गुरु घासीदास, ज़िन्दगी के किस्सा आदि पुस्तकें प्रमुख हैं। इस दौरान श्री कोशा , राकेश ठाकुर व श्री ठक्कर द्वारा विद्यार्थियों के धर्म / अध्यात्म से संबंधित ज्ञान वृद्धि के लिए गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य लिखित ग्रंथ ऽमर- मर कर भी अमर होगा व गीत माला भी भेंट किया गया। छत्तीसगढ़ी भाषा में लोक कला साहित्य, संस्कृति से संबंधित पुस्तकें पाकर केंद्र के विद्यार्थियों में खुशी देखी गई। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छ0ग0 शासन)- रायपुर द्वारा प्रदत्त छत्तीसगढ़ी कवि / ?साहित्यकारो द्वारा सृजित पुस्तकें भेंट में पाकर श्री चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र के प्राचार्य डॉ0 कृष्ण कुमार सिन्हा ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का आभार प्रकट किया है। इस दौरान श्री चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र के सचिव व शास्त्रीय नर्तक तुषार सिन्हा, श्रीमती गीतांजलि सिन्हा व बड़ी संख्या संगीत/ कला के विद्यार्थी उपस्थित थे।



## चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा 7 को बोदेला में

**तुमडीबोड ।** महाकाल की पालकी यात्रा आगामी 7 अगस्त को आयोजक समस्त ग्रामवासी बोदेला, सिवनी खुर्द, पेटेश्री, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला, श्री महाकाल सेना राजनादगांव के तत्वावधान में श्री राम मंदिर पेटेश्री से निकाली जाएगी। पालकी यात्रा में आर्केस्ट्रा, राउत नाचा, झांकी, अखाड़ा अघोरी ग्रुप, पंथी नृत्य सिंघोला की झांझ मंजीरा व डमरू टीम आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह यात्रा 7 अगस्त को पेटेश्री श्री राम मंदिर से प्रारंभ होगी प्रसादी वितरण करते हुए सिवनी खुर्द होते हुए बोदेला पहुंचेगी ग्राम के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की जाएगी बोदेला से शोभा यात्रा सिवनी खुर्द जाएगी शीतला मंदिर होते हुए भ्रमण करते हुए बोदेला मिडिल स्कूल मैदान में महाकाल की भव्य महा आरती व भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस यात्रा में महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा जी व राजू डागा जी शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी महाकाल भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अपील की है।

## श्री मोहनी बाबा शिव मंदिर मुक्तिधाम में भंडारा का आयोजन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी छिरपानी वार्ड स्थित श्री मोहनी बाबा शिव मंदिर मुक्तिधाम के भक्तों के द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें धर्मनगरी के भक्तगणों सहित मां बमलेश्वरी देवी के दर्शनार्थियों ने बड़ी संख्या में भोजन भंडारा का लाभ प्राप्त कर भोलेनाथ की कृपादृष्टि प्राप्त की। इस अवसर पर श्री मोहनी बाबा गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति के भक्तों द्वारा भंडारा का आयोजन लगभग 25 वर्षों से किया जा रहा है जो कि सावन के आखिरी सोमवार के दूसरे दिन आयोजित होती है।



## धर्म समाचार....

# क्या आप जानते हैं कर्मयोग का वास्तविक अर्थ? निष्काम सेवा से है इसका गहरा संबंध

भगवान शब्द उस परिव्यापक सत्ता का अवबोधक है जो चराचर में परिव्याप्त है और सबका नियमन करने वाला है। यह दृश्यमान जगत उन्हीं परमात्मा का प्रतिबिंब है। श्रीविष्णु सहस्त्रनाम में यह तथ्य सुस्पष्ट है और श्रीमद्भागवत में भी। अर्थात अनंतकोटि ब्रह्मांडनायक श्रीहरि को ही कोई ब्रह्म कोई परमात्मा और भक्तजन भगवान कहते हैं। आचार्य नारायण दास (श्रीभरत मिलाप आश्रम, मायाकुंड, ऋषिकेश)। जो भगवान का है अथवा भगवान जिसे अपना लें, वह भागवत है। भगवान सत्य, न्याय और प्रेम के द्योतक हैं। जिस मानव के जीवन में उक्त तीनों की सहज प्रतिष्ठा होती है, वह भगवत्कृपा से सर्वत्र विजयी और सम्पूज्य होता है। भगवान शब्द उस परिव्यापक सत्ता का अवबोधक है, जो चराचर में परिव्याप्त है और सबका नियमन करने वाला है। यह दृश्यमान जगत उन्हीं परमात्मा का प्रतिबिंब है। श्रीविष्णु सहस्त्रनाम में यह तथ्य सुस्पष्ट है और श्रीमद्भागवत में भी- अर्थात अनंतकोटि ब्रह्मांडनायक श्रीहरि को ही कोई ब्रह्म, कोई परमात्मा और भक्तजन भगवान कहते हैं। समग्र सृष्टि ईश्वरमय है,




किंतु हमने उसको अपने अनुसार विभिन्न नाम, रूप और संप्रदायादि में विभाजित कर रखा है। ईश्वर सर्वव्यापक और सर्वजनहितैषी है, लेकिन इसका बोधत्व उसी को प्राप्त होगा, जिसके विचारों में पवित्रता, आचरण में शीलता और व्यवहार में पारदर्शिता सहज विद्यमान होगी। श्रीमद्भागवत के द्वितीयस्कंध के नवम अध्याय में आध्यात्मिक, धार्मिक और परमार्थिक तत्व को प्रकाशित करने वाले मुख्य चार श्लोक हैं, जिन्हें चतुश्लोकी भागवत कहते हैं। यह उपदेश भगवान ने सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी को दिया था। श्रीब्रह्मा जी से देवर्षि नारद जी को, उनसे महर्षि वेदव्यास जी को और व्यास महाभाग ने अपने पुत्र श्रीशुकदेव जी को प्रदान किया। श्रीमद्भागवत के सप्ताह विधि का विधान श्रीसनकादि चार ऋषियों (सनक, सनन्दन, सनातन और सनतकुमार)। हमारा जीवन भगवत्स्मरण के साथ-साथ कर्तव्यबोध, सदाचार और परोपकार करते हुए व्यतीत हो। इसे ही कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग कहा गया है। समस्त सम्पदा लोक कल्याण के लिए है। ऐसे निष्कामभाव से सेवामय जीवन जीना ही कर्मयोग है। सब कुछ भगवान ही हैं, ऐसे सुंदर भाव से सबकी यथाशक्ति सेवा करना ही भक्तियोग है। ईश्वर के अतिरिक्त इस संसार में जो कुछ है, वह मेरा नहीं, अपितु भगवान का ही है, हम केवल निमित्त मात्र हैं, ऐसा विशुद्ध चिंतन ही ज्ञानयोग है।चतुश्लोकी भागवत में सर्वप्रथम ब्रह्मतत्व को अभिव्यंजित किया गया है- अहमेवासमेवाग्रे नान्यद् यत् सदसत् परम्। पश्चादहं यदेतच्च यो वशिष्येत सो स्म्यहम्।। भगवान श्रीब्रह्मा जी से कहते हैं, सृष्टि के पूर्व केवल मैं ही था। मेरे अतिरिक्त कुछ भी नहीं था। जहां चराचरसृष्टि का अभाव है, वहां भी केवल मैं ही हूं। इस सृष्टि के रूप में जो कुछ भी चराचर जगत दिखाई दे रहा है, वह मैं ही हूं और जो कुछ भी शेष रहेगा, वह भी मैं ही हूं। इसका मूल तात्पर्य यह है कि दृश्यमान समग्र चराचर जगत ईश्वरमय है।

## सृष्टि के कण-कण में देवों के देव महादेव हैं समाहित

आप केवल नाम या रूप नहीं हैं आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है। वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है वह रहस्यमय शिव तत्व है। यह ब्रह्मांड प्रतिदिन उत्सव मना रहा है। यह आनंद है। समाधि को अधिकतर शिव सायुज्य अथवा शिव की उपस्थिति के रूप में जाना जाता है। श्री श्री रवि शंकर (आर्ट आफलिविंग के प्रणेता आध्यात्मिक गुरु)। यह संपूर्ण सृष्टि शिव की लीला है। शिव अस्तित्व की एकमात्र शाश्वत अवस्था हैं! शिव वह निष्कलंक सरलता हैं, जिसमें किसी नियंत्रण का बंधन नहीं होता। क्या शिव कोई व्यक्ति हैं? क्या उनका कोई रूप है? क्या वह कहीं बैठे हैं? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है, जहां से सब कुछ आया है, जिसमें सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। इस जगत में कुछ भी शिव तत्व से बाहर नहीं है। शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव तत्व चेतन है। चैतन्य कैसा है? यह न तो प्रकाश है, न ही कोई वस्तु। यह चिदाकाश स्वरूप है, आकाशवत। इसलिए चित्रों में शिव सदा नीलवर्ण में रंगे जाते हैं। इसका अर्थ है आकाश की तरह नीले। उन्होंने सिर पर चंद्रमा को धारण किया है। सभी दिशाएं मानो उनकी जटाएं हैं। सब कुछ उनके भीतर है। कुछ भी उनसे बचा नहीं है। शिव का अर्थ है, चित्त की उस स्थिति को जानना, जो समय से परे है। वह चतुर्थ अवस्था, जो जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति नहीं है, उसे ही शिवतत्व कहा गया है। जब आप ध्यान में होते हैं, तो आप किस अवस्था में होते हैं? क्या आप जाग रहे होते हैं? आप सो नहीं रहे हैं और आप स्वप्न नहीं देख रहे हैं, लेकिन कुछ सुखद अनुभव में आ रहा है। वह चौथी अवस्था शिव अवस्था शिव तत्व कहलाती है। शिव निर्गुण-निराकार दिव्यता है। वही द्रष्टा है, दृष्टि है और दृश्य भी। शिव वही चेतना है, जो सृष्टि के कण-कण में है, जो अस्तित्व का सार है, जो लक्ष्य भी है और पथ भी। शिव इस समस्त सृष्टि में व्याप्त हैं। उनका कोई जन्म नहीं, कोई अंत नहीं। वे अनादि, अनंत हैं। वे ही वह आनंदस्वरूप चेतना हैं, जिन्हें तप और योग के माध्यम से जाना जा सकता है।



# श्रावण के अंतिम सोमवार को शिवभक्ति में डूबी संस्कारधानी




राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) । श्रावण मास के अंतिम सोमवार को संस्कारधानी नगरी शिव भक्ति मय रही। सुबह से ही जहां शिव कांवड़िए शिवनाथ नदी से कांवर में बोल बम के उच्चारण से शहरवासियों को जगाया वहीं भगवान भोलेनाथ की पूजा के लिए सुबह से ही भक्तजन शिवालयों में जुटे रहे। सोमवार को दिनभर भगवान भोलेनाथ शिव की पूजा अर्चना चलती बही। लोगों ने भगवान शिव के विग्रह लिंग-पिंड का जलाभिषेक दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र, धतुरा, कनेर पुष्प व हार फूल चढ़ाए और भगवान भोलेनाथ से अपने घर परिवार की खुशहाली की दुआएं मांगी। कन्याओं ने



भगवान शिव की पूरे मनोयोग से पूजा आराधना कर मनोवांछित वर की प्रार्थना की। इस दौरान शहर के विभिन्न शिवालयों में भक्ति-भाव का वातावरण बना रहा। महिलाओं द्वारा शिव भक्ति से पूरित भजन-कीर्तन व रामायण गायन के आयोजन किए गए, वहीं मंदिरों में श्रावण मास के देवता भगवान भोलेनाथ को मनाने के लिए पुरुष जनों ने महामृत्युंजय मंत्र का जाप, शिव स्त्रोत का पठन व शिव चालीसा के पाठ सहित पंचाक्षरी मंत्र का जाप किया । इस दौरान माहौल में हर-हर महादेव व जय-जय शिव शंकर का नाद




**गुंजायमान बना रहा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को लेकर शहर के बाजार में दूध-दही मेवा-मिष्ठान से लेकर पूजन सामग्रियों की अच्छी मांग बनी रही, बाजार इससे गुलजार बना रहा।**

शहर में श्रावण मास भर महाकाल सेना की बाबा श्री चंद्रमौलेश्वर महाकाल के पगड़ी यात्रा की धूम बनी हुई है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शहर में बाबा इसकी पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शहर की माता देवाला शीतला मंदिर से बाबा महाकाल की पूजा मंदिर के पुजारी राजू दुबे व पुरोहित परिवार सहित पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महाकाल सेना के पवन डागा राजू डागा आदि के द्वारा की गई। वहीं बाजे-गाजे व आकर्षक सुआ नृत्य, राउत नाचा, झांझ वादन, डमरू वादन सहित अघोरियों के भस्मी-भूत उड़ाते, भयानक नृत्य के साथ महाकाल का जयकारा लगाते निकली बाबा महाकाल की पालकी यात्रा का शहर के विभिन्न जगहों में भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने इस दौरान बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना के लिए पलक-पावड़े बिछाए रहे और जैसे ही लोगों के कांधे पर सवार बाबा की पालकी पहुंची आरती की थाल सजाएं महिलाओं ने बाबा महाकाल की पूरे भक्ति-भाव से पूजा अर्चना की। इस दौरान बाबा महाकाल के जयकारे से आसमान



## पालकी यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

गुंजायमान बना रहा। मानव मंदिर चौक पर भव्य मंच सजाकर महापौर मधुसूदन यादव सहित जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अकरम कुरैशी, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, न.नि. सभापति पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद शैकी बग्गा, राजा माखीजा, रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद दीपक चौहान, शरद सिन्हा, राजू वर्मा, प्रखर श्रीवास्तव आदि सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे। बाबा की पालकी में माथे पर त्रिपुंड लगाए श्रद्धालु भक्त जन नाना प्रकार के वेश में नृत्य-गान करते हुए वातावरण को पूरी तरह सनातन मय बनाया सांस्कृतिक छटा बिखेरते रहे। मानव मंदिर चौक से सिनेमा लाइन होते हुए बाबा महाकाल की पालकी भारतमाता चौक से गंज लाइन में प्रवेश करते ही बाबा की पालकी का दर्शन करने व स्वागत के लिए भक्तजन उमड़ पड़े। तिरंगा चौक पर जहां कसौधन वैश्य समाज के लोग पंडाल लगाकर पालकी यात्रा की स्वागत की वही समाज की आशा गुप्ता व अन्य महिलाओं ने बाबा महाकाल की आरती-पूजन कर कृतार्थ महसूस की। इसी तरह साहू समाज द्वारा कमल किशोर साहू के नेतृत्व में बाबा की पालकी की पूजा अर्चना की गई। वहीं आगे श्री लोहाणा गुजराती समाज द्वारा समाज प्रमुखों की उपस्थिति में बाबा महाकाल की पूजा आराधना की गई। इस दौरान पालकी यात्रा



के साथ चल रहे पीत वसनधारी सुआ नृत्य करती महिलाएं आकर्षण की केंद्र रही। वहीं छोटे बच्चों ने शंकर जी का रुपधारण कर सबको मोहते रहे। पालकी यात्रा में भगवान हनुमान का विशाल रुप धरे कलाकार ने सबका ध्यान आकर्षित किया वहीं रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी महिलाएं झांझ वादन करती, भजन-कीर्तन के धून में झूमती नाचती हुए बाबा महाकाल की भक्ति में निमग्न रही। गंज लाइन में दिगंबर जैन मंदिर के समीप घोड़े के रथ वाला मंच सजाकर लायंस क्लब आफ राजनांदगांव सिटी के लायंसो ने बाबा महाकाल की पालकी का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। लायंस अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, राजकुमार शर्मा, प्रकाश सांखला, मयंक शर्मा आदि सहित सभी सदस्यों ने बाबा महाकाल का जयकारा लगाते हुए पालकी यात्रियों की स्वल्पाहार आदि से स्वागत किया। इसी तरह बालाजी धाम मंदिर के समीप प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि ने पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा व अपने घर-परिवार वालों के साथ बाबा महाकाल की पूजा आराधना की। इस दौरान वहां पर बनाए गए भव्य मंच में बाबा महाकाल पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजे गए। वहीं महाकाल सेना के राजू डागा, रामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, राकेश यादव, मुन्ना अग्रवाल आदि ने बताया कि इस दौरान शहर के पत्रकारों को भी बुलाकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद गंज चौक लोहार पारा होते हुए भरकापारा काली माई मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा का भव्य स्वागत व पूजा अर्चना उपरांत आखिरी शाही पालकी यात्रा को विराम दिया गया।

## डीजल ऑटो रिक्शा चालक कल्याण समिति ने पालकी यात्रा का भव्य स्वागत किया

डीजल ऑटो रिक्शा चालक कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. आसीफभाई बाबा के नेतृत्व में महाकाल चंद्रमोलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। समिति द्वारा विशेष रूप से एक स्टॉल लगाया गया, जहाँ भक्तों को श्रद्धा भाव से प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कहा कि आपस में हम भाई-भाई की भावना से समाज में सौहार्द का संदेश फैलाया जा रहा है। महाकाल की जयकारों से गूंजते माहौल में समिति की सेवा सराहनीय रही।



डीजल ऑटो रिक्शा चालक कल्याण समिति ने लगाया प्रसादी वितरण स्टॉल

आपस में हम भाई-भाई




| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता राशि | आसान मासिक EMI |
|---|---|---|---|---|
| 1 kW | ₹30,000 | ₹15,000 | ₹45,000 | ₹167 |
| 2 kW | ₹60,000 | ₹30,000 | ₹90,000 | ₹333 |
| 3 kW | ₹78,000 | ₹30,000 | ₹1,08,000 | ₹800 |

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com